दिनांकः 16.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। 21 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र के दौरान, कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही कई विधेयक पारित होने की संभावना है। इससे पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान, सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करेगी।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने राजनीतिक दलों द्वारा वोट हासिल करने के लिए क्षेत्रवाद और धर्म के इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त की है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि यह प्रवृत्ति खतरनाक है क्योंकि इससे समाज में साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा मिलता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इससे देश की एकता और अखंडता के लिये भी खतरा पैदा होता है। राजनीतिक दल ए.आई.एम.आई.एम. का पंजीकरण रद्द करने की याचिका खारिज करते हुए अदालत ने ये बात कही।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज से कोटा के दो दिन के दौरे पर हैं। उन्होंने बारिश से प्रभावित रानपुर क्षेत्र का जायज़ा लिया। श्री बिरला ने अधिकारियों को जलभराव के स्थायी समाधान के निर्देश दिये और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा। गौरतलब है कि रानपुर में नाले में गिरने से एक छात्रा की मृत्यु हो गयी थी। श्री बिरला ने पीड़ित परिवार को जल्द राहत पहुंचाने के भी निर्देश दिये। लोकसभा अध्यक्ष निमोदा हरीजी गांव का भी दौरा करेंगे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी उनके साथ मौजूद हैं।

000

प्रदेश में ज्यादातर इलाके बारिश से तरबतर हैं। डीग में झमाझम बरसात का दौर जारी है। हालांकि बारिश से निचले इलाकों में जल भराव की समस्या पैदा हो गई है। राजधानी जयपुर में देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक–रुक कर सुबह तक जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात दर्ज हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी बरसात रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक आठ सेंटीमीटर पानी श्रीगंगानगर के श्रीविजयनगर में बरसा।

विभाग ने आज भी कोटा, उदयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। आज बारां और झालावाड़ में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 26 जिलों के लिए बरसात का येलो अलर्ट है। कल जोधपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग के कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आ सकती है।

000

प्रदेश में गिव अप अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने जयपुर में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बारां, जयपुर, हनुमानगढ़, बीकानेर और श्रीगंगानगर जिलों में अधिकारियों ने अभियान के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इन जिलों में गिव अप अभियान में सराहनीय काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि ये अभियान गरीबों को हक दिलाने और सामाजिक न्याय को साकार करने के लिए चलाया गया है।

000

पर्यटन मंत्रालय ने राष्ट्रीय युवा शेफ प्रतियोगिता शुरू की है। आज नई दिल्ली में मंत्रालय के महानिदेशक सुमन बिल्ला ने प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए कहा कि इस दौरान देशभर में क्षेत्रीय

प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी, जिनका समापन अगले साल जनवरी में होगा। लुप्त हो रही भारत की पाककला को संरक्षित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का विषय "भारतीय पाककला विरासत का उत्सवः परंपरा और नवाचार का सम्मिश्रण" रखा गया है।

000

नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 23 जुलाई से तीजोत्सव और हस्तशिल्प मेला लगाया जाएगा। 30 जुलाई तक चलने वाले इस मेले में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गये हैं। इस दौरान मेहँदी, राजस्थानी लोक गायन और नृत्य तथा राजस्थानी परिधान में रैम्प वॉक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा कई खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए किसी तरह का शुल्क नहीं रखा गया है।

000